तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 26 मार्च 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 भक्त माता कर्मा कि जयंती पर साहू समाज ने किया...



12 कार्यकर्ताओं ने पूरी ईमानदारी से निभाया दायित्व ...



## खबर संक्षेप




### ट्रैक्टर को लापरवाही पूर्वक चलाने से हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत खैरखेड़ा गिट्टी खदान के पास टैक्टर ट्राली के चक्का में दब जाने से मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 9 मार्च की सुबह साढ़े 9 बजें ग्राम खैरखेड़ा के सूरज कश्यप के गिट्टी खदान के पास रोड में पानी छिड़काव करने के लिए ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 7011 में पानी टेंकर ट्राली टोचन कर आरोपी चालक सनोज सिंग मरावी के द्वारा मृतक को अपने साथ ट्रैक्टर के इंजन में बैठाकर पानी टेंकर ट्राली से पानी छिड़काव करने के दौरान ट्रैक्टर को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाने से मृतक वाहन से नीचे जमीन पर गिरा और ट्रैक्टर टेंकर ट्राली के चक्का में उसका सिर व शरीर दबने से उसका मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### प्रथम सम्मिलन के मुख्य अतिथि विधायक विक्रम उसेंडी ने रखे विचार

# जिपं की टीम जिले के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ करेगी काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत कांकेर के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रथम

- जिला पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण भी

सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार 25 मार्च को जिला पंचायत परिसर में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष ताराबती ठाकुर तथा सभी जिला पंचायत सदस्यों ने अपने दायित्वों का निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने और पंचायती राज अधिनियम के नियमों का पालन करने की शपथ लिया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष,




उपाध्यक्ष और सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा के मुझे विश्वास है कि जिला पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि कांकेर जिले के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देश के अंतिम व्यक्ति तक देश एवं राज्य के योजनाओं का लाभ पहुंचे। छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर प्रधानमंत्री के साथ सभी केंद्रीय मंत्री चिंता करते रहते है। पीएम की तर्ज पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य



सरकार की कई योजनाओं का क्रियान्वयन जिला पंचायत के माध्यम से होता है और इन योजनाओं को धरातल पर उतारने में जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि इस कार्य को पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

#### सुनियोजित विकास के लिए करेंगे विकास कार्य

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए जिले के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के द्वारा जिले के सुनियोजित विकास के लिए कार्य किया जाएगा और इस दिशा में सभी मिलकर प्रयास करेंगे। कांकेर जिला के विकास के लिए जनता ने जो मुझे मौका दिया है, उसमें खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। मेरा यही प्रयास होगा कि जिला पंचायत के सभी अधिकारी व स्टाप के साथ मिलकर योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति को मिले, इसी आकांक्षा के साथ कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ताराबती ठाकुर और भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने भी अपने विचार रखे।

#### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरुण कौशिक, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन, छग मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री आलोक ठाकुर, महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, गौतम लुंकड सहित जिला पंचायत के सभी सदस्य, जिले के जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण के अलावा जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, जिला पंचायत के समस्त स्टाप भी उपस्थित रहे।

## सरकारी फरमान, 31 मार्च तक अवकाश पर भी खुला रहेगा रजिस्ट्री कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- तकनीकी समस्या के कारण 24 मार्च को हो गया था सर्वर डाउन
- आम नागरिकों की सुविधा के लिए शाम 7 बजे तक होगा काम

रजिस्ट्री विभाग के सॉफ्टवेयर एनजीडीआरएस में तकनीकी समस्या आने के कारण 24 मार्च को सर्वर डाउन हो गया था, जिससे रजिस्ट्री करवाने वालों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा था। सरकार ने 31 मार्च तक अवकाश के दिन भी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहने का फरमान जारी किया है। मंगलवार को कर्मा जयंती का अवकाश होने के बाद भी कार्यालय खुला रहा और समाचार लिखे जाने तक तीन पार्टी ने रजिस्ट्री करवाया है। जानकारी के अनुसार एक दिन पहले पंजीयन एवं मुद्रां के महानिरीक्षक ने कलेक्टर को आदेश जारी किया है कि मार्च के सार्वजनिक अवकाश के दिनों में रजिस्ट्री का काम जारी रहेगा। 25, 29, 30 एवं 31 मार्च को भी सभी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यह भी कहा गया है कि शाम 7 बजे तक काम किया जाएगा। सरकार की ओर से




#### नए वित्तीय वर्ष में शुल्क बढ़ने की संभावना

विभागीय सूत्रों की मानें तो अप्रैल 2025 से रजिस्ट्री शुल्क भी बढ़ने की संभावना है, उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि विगत आठ वर्ष से शुल्क नहीं बढ़ा है। विभाग ने शुल्क बढ़ाने को लेकर पूरी तैयारी कर लिया है।

कहा गया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और तकनीकी सशक्तिकरण के माध्यम से शासकीय प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विदित हो कि 24 मार्च को रजिस्ट्री विभाग के सॉफ्टवेयर एनजीडीआरएस में तकनीकी समस्या आने के कारण सर्वर डाउन हो गया, जिससे कुछ समय के लिए रजिस्ट्री ▸▸ शेष पेज 10 पर

## तीन भाइयों ने मिलकर युवक से की मारपीट

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत ग्राम पीवी 18 मायापुर में युवक शादी की बात कर रहा था। शादी की बात से गुस्सा होकर आरोपी ने मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट करने के लिए अपने दो भाई को बुलाकर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे पीवी 18 मायापुर निवासी 27 वर्षीय राकेश मंडल पिता तुसार मंडल ने पुलिस को बताया कि 24 मार्च की रात करीबन 8 बजे अपने घर के सामने ▸▸ शेष पेज 10 पर



## बाइक चालक की पुलिया से गिरने से हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत कापसी जाने वाले मार्ग पर बांस से बने पुलिया को पार करते समय बाइक की लाईट बंद होने से चालक ने बाइक पर नियंत्रण खो दिया, और वाहन समेत पुलिया के नीचे जा गिरा। हादसे में गंभीर रुप से घायल पीड़ित को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि 7 दिसंबर की रात साढ़े 9 बजे मृतक प्रकाश दास व उसकी पत्नी उमा दास दोनो ग्राम आलोरा निवासी



गणेश मंडल के मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएन 8944 में सवार होकर रेगहा लिए जमीन व तालाब को देखने के लिए कापसी की ओर जा रहें थे। रास्ते और खेत के बीच छोटा नाला, जिस पर बांस बल्ली का पुलिया बना है। मृतक अपनी पत्नी को मोटर सायकल से उतारकर मोटर सायकल से पुलिया पार करते समय अचानक मोटर सायकल का लाईट बंद हो जाने से प्रकाश दास पुलिया के नीचे गिर गया। पत्नी उमा दास उठाने की कोशिश किया, लेकिन वह उठा नहीं पाई। पत्नी अपने देवर प्रदीप दास को फोन करके बुलाई। प्रदीप ▸▸ शेष पेज 10 पर

### सिंगारभाट में जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

# बस्तर पंडुम में संस्कृति को संरक्षण देने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

बस्तर के संस्कृति संरक्षण के लिए राज्य शासन द्वारा बस्तर पंडुम का आयोजन बस्तर संभाग के सभी जिलों में किया जा रहा है। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने से सरकार बस्तर की संस्कृति को संरक्षण देने का प्रयास कर रही है। विकासखंडस्तर पर विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान आने वालों को जिलास्तर पर आज सिंगारभाट में कार्यक्रम होगा, इसमें से सभी विधाओं के लिए संभागस्तर के लिए चयन किया जाएगा।

जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि बस्तर पंडुम में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न आदिवासी समूहों के द्वारा प्राचीन लोकगीतों पर आधारित प्रस्तुति दी गई, जिसमें कांकेर विकासखण्ड में आयोजित प्रतियोगिता में जनजातीय लोक नृत्य में धनकुल महिला पार्टी व्यासकोंगेरा, जनजातीय लोक गीत में इरूंग पेन पसेंग मांदरी लोक नृत्य पार्टी तुलतुली, जनजातीय वाद्ययंत्रों वेशभूषा एवं आभूषण प्रदर्शन में बेलोसा दुलोसा लया ग्रुप बागोडार,



जनजाति कला एवं गोदना में जंगो रायतार महिला समूह अन्नपूर्णापारा कांकेर, जनजाति पेय पदार्थ एवं व्यंजन में सोनई-रूपई गोंडवाना महिला समूह कांकेर तथा जनजाति शिल्प कला प्रदर्शन में लखनलाल मरकाम खमढोड़गी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

चारामा विकासखण्ड में आयोजित जनजातीय लोक नृत्य में नोमेश्वर कुंजाम एवं दल, जनजातीय लोक गीत में बालक आश्रम सिरसिदा, जनजाति वाद्ययंत्रों में जय सोन्दर्य गन्धर्व बाजा पार्टी बरकछार, जनजाति वेशभूषा एवं आभूषण में कन्या आश्रम पण्डरीपानी, जनजाति कला एवं गोदना में थामेश्वरी मंडावी, जनजाति पेय पदार्थ एवं व्यंजन में कांति केमरो तथा नरहरपुर में आयोजित प्रतियोगिता में जनजातीय लोक नृत्य में कचना ध्रुवा आदिवासी मांदरी नृत्य, जनजातीय लोकगीत में जय गोंडवाना रेला पाटा थीम, जनजाति वाद्ययंत्रों में धनेश्वरी मंडावी एवं साथी, जनजाति वेशभूषा एवं आभूषण प्रदर्शन में जोहार ट्राइबल इंडिया, जनजाति शिल्प एवं चित्रकला में आदिवासी ओझा गोदना कला, जनजाति पेय पदार्थ में लक्ष्मी उसेण्डी बारादेवी विजेता रहीं। भानुप्रतापपुर में आयोजित बस्तर पंडुम में जनजातीय लोक नृत्य में लइंग लयोर मांदरी दल, जनजातीय लोक गीत में नंदनी चुरेन्द्र, जनजाति वाद्ययंत्रों में गंधर्व बाजा पार्टी, जनजाति वेशभूषा एवं आभूषण में बृजबती मातलामी, जनजाति कला एवं गोदना में मनीषा गोटा, जनजाति पेय पदार्थ एवं व्यंजन में भामिनी उईके और अंतागढ़ विकासखण्ड में जनजातीय लोक नृत्य में सुरेन्द्र कावड़े एवं साथी, जनजातीय लोक गीत में तुलसी नेताम एवं साथी, जनजाति लोकनाट्य में रामचंद मंडावी एवं साथी, जनजाति वाद्ययंत्रों में ▸▸ शेष पेज 10 पर

#### शिरकत करेंगे सांसद और विधायकगण

जिला स्तरीय आयोजन गोंडवाना भवन दक्षिण ब्लॉक सिंगारभाट में आज 26 मार्च को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग एवं कांकेर विधायक आशाराम नेताम की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि के अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी एवं उपाध्यक्ष ताराबती ठाकुर उपस्थित रहेंगी।





प्रथम पुण्यतिथि



परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसका शक्ति था,
परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसका भक्ति था।
सबके चहेते, राजदुलारे, हम सबके आंखों के तारे,
इस घर की आन_बान_शान, हम सबकी जान।
हमारे लाडले की पुण्य आत्मा को भगवान शांति प्रदान करें।

कार्यक्रम
दिनांक - 26.03.2025, पूजा समय : सुबह 11 बजे से
शांतिभोज : दोपहर 01 बजे से, पता : शिवनगर, कांकेर

शोकाकुल परिवार
प्रीतम कुमार साहू-पदमनी साहू (पिता-माता)
उत्तम कुमार साहू-मोंगरा साहू (बड़े पापा-बड़ी माँ)
शिशुपाल साहू-प्रेम बाई साहू (बड़े पापा-बड़ी माँ)
प्रयाग बाई साहू (नानी)
यशदीप साहू (भाई), यंकित कुमार साहू (भाई), यामिनी साहू (बहन)

स्व. प्रवीण कुमार साहू
जन्म-15-05-2000 / निर्वाण-26-03-2024

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश



**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज जिला चिकित्सालय में जीवन दीप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, विशेषकर रात्रि के समय इलाज में कोई परेशानी न आए। कलेक्टर ने चिकित्सालय से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट के उचित प्रबंधन के लिए प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के जिले के सभी चिकित्सालयों में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज के आंकड़ों की समीक्षा की और विभागवार ओपीडी के आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण किया। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सीएमएचओ आर.के. सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### 8 नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करेगा जिला प्रशासन

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले में लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन 8 नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करेगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने भूमि आवंटन के निर्देश दिए हैं। इन उपकेंद्रों से ग्रामीण क्षेत्रें को निर्बाध बिजली मिलेगी। कोण्डागांव विकासखंडरू बोटीकनेरा और बोलबोला, माकडी विकासखंड, बालोण्ड और शामपुर अन्य उपकेंद्र, लोहार पारा, पीपरा, लांजोड़ा रांधना, और जामगांव। लाभ – ग्रामीण क्षेत्रें में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लो वोल्टेज की समस्या से राहत, किसानों को सिंचाई में सुविधा कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निर्देशानुसार जिले में बिजली से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संपर्क नंबर के हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त शिकायतों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस पहल के तहत अब तक जिले भर से 55 शिकायतें दर्ज कराई गई है। इनमें सबसे अधिक शिकायतें बड़ेराजपुर क्षेत्र से प्राप्त हुई हैं। कलेक्टर श्री दुदावत ने इन शिकायतों का जल्द समाधान करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किए हैं।

संकल्प : टीबी समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास, सही निवेश और प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत

# नारायणपुर जिला अस्पताल का संदेश "हां! हम समाप्त कर सकते हैं टीबी"

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

■ दृढ़ संकल्प के साथ करना होगा काम : सिविल सर्जन

विश्व क्षय रोग दिवस हर वर्ष मार्च में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसे समाप्त करने के प्रयासों को गति देना है। इस वर्ष की थीम "हां! हम टीबी समाप्त कर सकते हैं: संकल्प, निवेश, क्रियान्वयन" पर केंद्रित है, जो हमें इस वैश्विक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए प्रतिबद्धता, संसाधनों और ठोस कदम उठाने की याद दिलाती है। जिला अस्पताल नारायणपुर के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. विनोद भोयर ने बताया कि टीबी आज भी दुनिया के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है, जिससे लाखों लोग प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम इस बीमारी को खत्म करना चाहते हैं, तो हमें दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करना होगा, पर्याप्त वित्तीय एवं स्वास्थ्य संसाधन जुटाने होंगे और सही



दिशा में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा।

#### टीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक कदम

1. **समुदाय की भागीदारी** – टीबी उन्मूलन के लिए केवल सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को लक्षणों, परीक्षण और इलाज की जानकारी दी जानी चाहिए।

2. **सरकारी नीतियां और निवेश** – सरकार द्वारा मुफ्त टीबी जांच, बेहतर उपचार सुविधा और पोषण सहायता जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लेकिन इस दिशा में और अधिक निवेश एवं मजबूत स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है।

3. **नवाचार और तकनीक** – नई दवाओं, वैक्सीन रिसर्च और डिजिटल हेल्थ समाधान को अपनाकर टीबी के खिलाफ लड़ाई को और प्रभावी बनाया जा सकता है।

4. **समय पर पहचान और इलाज** – डॉ. भोयर ने बताया कि जितनी जल्दी टीबी की पहचान होगी, उतना ही प्रभावी उपचार संभव होगा। इसलिए संदिग्ध मरीजों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवानी चाहिए।

#### नारायणपुर जिले में प्रयास

डॉ. विनोद भोयर ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत व्यापक अभियान चलाए जा रहे हैं। जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की निःशुल्क जांच एवं उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा, टीबी से ग्रसित मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है।

#### संकल्प लें, टीबी को हराएं

इस विश्व टीबी दिवस पर, हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम टीबी को जड़ से खत्म करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। हां! हम टीबी समाप्त कर सकते हैं बस जरूरत है सामूहिक प्रयास, सही निवेश और प्रभावी क्रियान्वयन की।

## जिला प्रशासन ने खेल सामग्री जूते व स्कूल बैग किए वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्रें में शामिल कड़ेनार और बेचा गांवों में पिछले दिनों कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधिक्षक वाय अक्षय कुमार ने दौरा किया था। इस दौरान इन गांवों के प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत बच्चों ने खेल सामग्री, जूते और स्कूल बैग की मांग की थी। बच्चों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा बीते शुक्रवार को गांव पहुंचकर आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कलेक्टर श्री दुदावत के निर्देशानुसार जिला मिशन समन्वयक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ बी.आर.पी. ने सरपंच धनसिंह कश्यप की उपस्थिति में बच्चों को खेल सामग्री और स्कूल बैग वितरित किए। इस दौरान कड़ेनार के 54 और बेचा के 53 बच्चों सहित कुल 107 बच्चों को लाभान्वित किया गया। वितरित सामग्री में पिट्ठुल, शतरंज, कैरम बोर्ड, वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, लूडो, रस्सीकूद, कंचा, फ्लाइंग डिस्क, बैडमिंटन और अन्य खेल सामग्रियां शामिल रहीं।

**बच्चों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल** – इस पहल से बच्चों के चेहरे खिल उठे। लंबे समय से संसाधनों की कमी का सामना कर रहे इन बच्चों को जब खेल सामग्री, जूते और स्कूल बैग मिले, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्चों ने सामग्री प्राप्त करने के बाद खुशी में खेलकूद कर अपनी भावनाओं का व्यक्त किया। वहीं ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन द्वारा बच्चों की मांग को शीघ्र पूरा करने पर आभार जताया।

**कभी माओवाद का गढ़ अब विकास की ओर अग्रसर** – कड़ेनार और बेचा जैसे गांव कभी माओवाद का गढ़ थे। लंबे समय तक इन क्षेत्रें में विकास की रोशनी नहीं पहुंच पाई थी। माओवाद की वजह से शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं का विकास रुका हुआ था। लेकिन वर्तमान सरकार और केंद्र की नीतियों, सुरक्षा बलों के प्रयासों से अब यह क्षेत्र नक्सल मुक्त हो रहा है।

## नया ट्रांसफार्मर लगने से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को 33,11 केवी विद्युत उपकेंद्र लंजोड़ा में 3.15 एमवीए से क्षमता वृद्धि कर 5 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इससे कई गांवों के किसानों को ओवरलोड की समस्या से राहत मिलेगी। सीएसईबी कोंडागांव के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से 11 केवी लंजोड़ा टाउन फीडर, जैतपुरी फीडर, जुगानी फीडर और बड़ेडोंगर फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों लंजोड़ा, भानपुरी, जैतपुरी, कोसागांव, कबोगा, हिर्री, बालोण्ड, मांझीबोरण्ड, सल्फीपदर और केरावाही इत्यादि गांव के किसानों को ओवर लोड से निजात मिलेगी, जिससे उन्हें खेतों में निर्बाध सिंचाई में मदद मिलेगी।

**भूमि आबंटन की प्रकिया को एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश** – कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में विद्युत व्यवस्था



के सु–ढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। साथ ही बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए भी प्रयास जारी है। विभिन्न क्षेत्रें में लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिये विद्युत विभाग के द्वारा लगातार ट्रांसफार्मर में शंट कैपेसिटर भी लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने नए सब स्टेशन की भूमि आबंटन प्रक्रिया को एक सप्ताह में पूरा करने के दिए निर्देश, शीघ्र शुरू होगा कार्य। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले में 33,11 केवी के नए विद्युत उपकेंद्रों की लोहरा पारा, पिपरा एवं लांझोड़ा रांधना की स्थापना के लिए भूमि आबंटन की प्रकिया को एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। भूमि आवंटन प्रक्रिया पूर्ण होते ही सब स्टेशन निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ होगा। इसके स्थापित होने से जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे नागरिकों को बिजली संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी।

**कई गावों को लाभ मिलेगा** – विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीपरा सब स्टेशन के बनने से बहीगांव, पीपरा, मस्सुकोकड़ी, आंवराभाटा, छिंदीडीही, पावारास, चिखला डीही, खरगांव, खुटपदर, डोंगरीपारा, अमोड़ा और शिकागांव को लाभ मिलेगा और लंजोड़ा सब स्टेशन बनने से भानपुरी, हिर्री, सोड़मा, सिरसीकलार, भूमका के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इसी प्रकार लोहार पारा सब स्टेशन बनने से कोंडागांव गांव शहर में ओवरलोड से निजात मिलेगी, साथ ही बोलबाला, चिखलपुट्टी, दूधगांव, कोकोडी, जरेबेंदरी गांव सहित विभिन्न गांव के ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

## पारंपरिक वार्षिक मड़ई मेला में दिखा आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

आस्था एवं परम्परा के अनूठे संगम के साथ फरसगांव का चार दिवसीय वार्षिक मेला 24 मार्च सोमवार को शुरू हुआ। इस मेले में नगर के साथ आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों एवं उनके देवी-देवताओं के भारी हुजुम में आस्था और संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिले। इस मौके पर उमड़ी भारी भीड़ ने भीगे चावलों एवं पुष्प-पंखुड़ियो की वर्षा के साथ देवी-देवताओं की अगुवानी की गई। मेला में आस पड़ोस के देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति-रिवाजो के साथ हुआ महासंगम एवं पूरे विधि-विधान के साथ देव परिक्रमा सम्पन्न हुई। आसपास क्षेत्र से पहूंचे देवी देवताओं का सम्मान पूर्वक फूलों से स्वागत किया गया।

**ये हुए शामिल**–इस दौरान नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मुलचंद पांडे, पार्षद शैल सेठिया, सुशीला मरकाम, राजकुमारी नेताम, संगीता प्रवीण राव, विनोद पांडे, जनक नेताम, मन्नु राम हिडको विशु सिकदार भी देवी देवताओं के साथ शामिल हुए ।

**बारिश ने डाला रंग में भंग**–



पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेले में व्यापारियों द्वारा लगाई दुकानों को नगर पंचायत कर मुक्त कर दिया गया है जिससे व्यापारियों में दुकान लगाने की उत्सुकता देखी जा रही थी लेकिन दो दिन पहले अचानक हुई बारिश ने मेले की रौनक बिगाड़ कर रख दिया है। दुकानदार पहले दिन दोपहर तक अपनी दुकानों को सजाने व व्यस्थित करने में लगे हुए थे साथ ही पहले दिन मेले में ग्रामीण मेले देखने नही पहुचे जिससे दुकानदारों को काफी चिंता हो रही है । साथ ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे जिसे ऐसा लग रहा है की इंद्र देव कभी भी बरस सकते हैं । इन सभी परिस्तिथियों को देखते हुए सभी व्यापारियों में मेले को लेकर काफी चिंता हो रही है । मीना बाजार के संचालक सुधीर सिन्हा ने बताया बारिश चलते छोटे झूलों को तैयार कर लिया गया है बड़े झूले रात भर में तैयार कर मंगलवार से शुरू हो जाएंगे।

**नपं ने की व्यवस्थाएं दुरुस्त**–नगर पंचायत ने मेले में बिजली, पानी व चिकित्सा की दुरूस्त व्यवस्था की गई है। मेले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए फरसगांव थाना प्रभारी संजय सिंदे के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ व्यवस्था दूरुस्त करने के लिए मेले से लगे सभी चौक चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है ताकि को अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो साथ ही मेले में पुलिस पेट्रोलिंग कर नागरिकों की सुरक्षा एवं अनहोनी से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई।

## जरूरतमंद के लिए नरसिंह मंडावी ने किया रक्तदान

**कोण्डागांव।** बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारी नरसिंह मंडावी ने जिला अस्पताल कोंडागांव में जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान कर एक मिसाल पेश की। जैसे ही संस्था को मरीज की जरूरत का पता चला, नरसिंह मंडावी तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मरीज की जान बचाने में मदद की।

#### रक्तदान का महत्व

रक्तदान को जीवनदान कहा जाता है, क्योंकि यह उन लोगों के लिए बेहद जरूरी होता है जो दुर्घटनाओं, सर्जरी या गंभीर बीमारियों के कारण रक्त की कमी से जूझ रहे होते हैं। प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों द्वारा बांझ सुई का उपयोग कर सुरक्षित रूप से रक्तदान किया जाता है। जिससे दाता और प्राप्तकर्ता दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

#### नरसिंह मंडावी का प्रेरणादायक योगदान



नरसिंह मंडावी ने अपने इस कदम से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है। वे बाबा साहेब सेवा संस्था के माध्यम से सामाजिक कायोंर् में सक्रिय रूप से भाग लेते रहते हैं। बाबा साहेब सेवा संस्था समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहती है। नरसिंह मंडावी के इस नेक कार्य ने लोगों को रक्तदान करने और दूसरों की मदद के लिए आगे आने की प्रेरणा दी है।

## शहीद दिवस पर अमर शहीदों को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ 8 भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव में आयोजन

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा आज शहीद दिवस का आयोजन किया गया। सभा मेंवीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्रों पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान शहीद भगत सिंह अमर रहें, सुखदेव–राजगुरु अमर रहें के नारों से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इन महान सेनानियों ने देश के लिए जो बलिदान



दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने अपनी अल्पायु में ही राष्ट्र प्रेम की ऐसी ज्वाला जलाई, जो आज भी हमारे दिलों में जल रही है। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने भी इस मौके पर कहा कि 23 मार्च का दिन हमें यह याद दिलाता है कि आज़ादी की राह आसान नहीं थी। उन्होंने कहा, हमारी स्वतंत्रता केवल एक राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि वीर बलिदानियों की कुर्बानियों से लिखी गई गाथा है। श्रद्धांजलि सभा में परिषद के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, मीडिया प्रभारी कमलेश्वर ध्रुव, सेवारत सैनिक उमेंद्र मरकाम, सैन्य मातृशक्ति ममता साहा, स्वर्गीय पूर्व सैनिक समीर दत्ता की पुत्री बबीता दत्ता और रोहिणी दत्ता सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रेंज स्तरीय अंतर जिला पुलिस खेल प्रतियोगिता में कांकेर के भावेश ने मारी बाजी

**कांकेर।** जगदलपुर में रेंज स्तरीय अंतर जिला पुलिस खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें बस्तर रेंज के विभिन्न जिलों के पुलिस अधिकारी, जवान और खिलाड़ी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कांकेर में पदस्थ भावेश सलाम ने 10 हजार एवं 5 हजार मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया है। आयोजित रेंजस्तरीय अंतर जिला पुलिस खेल प्रतियोगिता बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. जगदलपुर एसपी शलभ सिन्हा एवं विभिन्न जिलों के एसपी, डीआईजी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में खेल हुए। आयोजित प्रतियोगिता में कांकेर जिले में पदस्थ पुलिस आरक्षक भावेश



सलाम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10,000 मीटर और 5,000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया।

**खेल से होता है टीम भावना और अनुशासन विकास**–भावेश सलाम वर्तमान में केबीकेएस गोटूल स्पोर्ट्स अकादमी में कोच के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं और पुलिस सेवा के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि पुलिस विभाग में खेलकूद से न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलती है, बल्कि टीम भावना और अनुशासन भी विकसित होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी खेलों में भाग लेने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें कई जिलों के पुलिस जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर पुलिस अधिकारियों ने आयोजन समिति और प्रतिभागियों की सराहना किया।

## राज्य स्तरीय शिविर में बस्तर विवि का नेतृत्व कर रहे कोंडागांव के स्वयंसेवक

अंबिकापुर में 28 मार्च तक किया जा रहा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के राज्य स्तरीय सात दिवसीय शिविर का आयोजन 21 मार्च से 28 मार्च तक शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय छात्रावास केशवपुर अंबिकापुर में किया जा रहा है। इस वर्ष शिविर की थीम डिजिटल साक्षरता एवं नशामुक्त समाज के लिए युवा रखी गई है। शिविर में बस्तर विश्वविद्यालय के 30 स्वयंसेवक शामिल हो रहे हैं। जिनमें से कोंडागांव जिले की डॉली ठाकुर, छाया देवांगन, निताई बारई, समीर कोर्राम, शनिदेव और प्रतिभा मरकाम अपनी सक्रिय भागीदारी से जिले और विश्वविद्यालय का नेतृत्व कर रहे हैं। शिविर में खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बस्तर की समृद्ध संस्कृति को भी प्रस्तुत किया जा रहा है।



**कोंडागांव की डॉली ठाकुर बनीं महादलनायिका** – शिविर में कोंडागांव जिले से गईं स्वयंसेवक डॉली ठाकुर को महादलनायिका नियुक्त किया गया है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। स्वयंसेवकों को 23 मार्च को शैक्षणिक भ्रमण के तहत मैनपाट की सैर कराई गई। इसके साथ ही शिविर के प्रत्येक दिन स्वयंसेवक डिजिटल साक्षरता और नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। शिविर में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों को प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल, बस्तर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी.एल. पटेल, जिला संगठक कोंडागांव एस.बी. कन्नौजे एवं गुण्डाधुर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई ने शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**कोंडागांव के स्वयंसेवकों की विशेष पहचान** – जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने बताया कि गुण्डाधुर महाविद्यालय के स्वयंसेवक हर वर्ष अपनी सक्रिय भागीदारी के कारण राज्य स्तरीय शिविरों में शामिल होते हैं और अपनी कला एवं सेवा भावना से अलग पहचान बनाते हैं। इससे पहले भी तिलक दास, गायत्री पोर्ते, हरेंद्र नाग, मुकेश पोयाम, अजीत कुमार, देवेंद्र सेठिया, देवेश, सलीना एवं रयतू कश्यप जैसे वरिष्ठ स्वयंसेवक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेकर बस्तर और छत्तीसगढ़ का बेहतरीन ढंग से प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस शिविर के माध्यम से न सिर्फ स्वयंसेवक समाज सेवा में योगदान दे रहे हैं, बल्कि वे डिजिटल साक्षरता और नशामुक्त समाज के प्रति जागरूकता फैलाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

पेज 9 के शेष

### सरकारी फरमान...

नहीं हो पाई थी। एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर का संचालन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र पुणे करता है, बड़ी मुश्किल से सर्वर ठीक हो पाया और रजिस्ट्री कार्य प्रारंभ हो सका। अवकाश में रजिस्ट्री कार्यालय के खुले रहने से इस वित्तीय वर्ष में जो भी रजिस्ट्री करवाना चाहेंगे, उनको लाभ मिलना तय है।

### तीन भाईयों ने...

रोड पर दोस्त नरेंद्र मंडल, धनंजय कयाल, सरोजित बैध के साथ सरोजित बैध की बहन तितली बैध की शादी के बारे मे बातचीत कर रहे थे। सरोजित वैद्य ने शादी की बात से गुस्सा होकर अपने साथियों के साथ गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट करने लगा। आरोपी ने अपने भाई किशोर बैध और मनोज बैध को बुलाया। तीनो एकराय होकर मारपीट करने लगे। जिससे प्रार्थी की नाक व गले में खरोच आई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और मेरे साथ कोई अनहोनी होती है, यह तीनों आरोपी जिम्मेदार होंगे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### बाइक चालक की...

दास और संदीप साना आकर प्रकाश दास को उठाए। प्रकाश दास के गर्दन के पीछे व कमर में चोट लगा था, जिसे उपचार के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, ईलाज के दौरान 19 दिसंबर को सुबह 4 बजें मौत हो गया था। विवेचना के उपरांत आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 8944 के चालक प्रकाश दास के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बस्तर पंडुम में...

दयाराम कुलदीप एवं साथी, जनजाति शिल्प एवं चित्रकला में लखबीबाई नेताम एवं साथी, जनजाति पेय पदार्थ एवं व्यंजन में अजन्तीन मंडावी एवं साथी ने विजेता दल में अपना नाम दर्ज किया। दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में आयोजित बस्तर पंडुम में जनजातीय लोक नृत्य में जय लिंगो आदिवासी मांदरी नृत्य भीरावाही, जनजातीय लोक गीत में रजनी नरेटी एवं साथी, जनजाति लोकनाट्य में करिश्मा उसेण्डी एवं साथी, जनजाति वाद्ययंत्रों में किशोर एवं साथी, जनजाति वेशभूषा एवं आभूषण में संयोगिता एवं साथी, जनजाति कला एवं गोदना में धनिता मंडावी एवं साथी, जनजाति पेय पदार्थ एवं व्यंजन में हेमलता नरेटी प्रथम स्थान पर रहे। कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में जनजातीय लोक नृत्य में मांदर नृत्य छबीलाल उसेण्डी एवं साथी कौड़ोसाल्हेभाट, जनजातीय लोक गीत में धनकुल पाटा महामाया बालिका जस मंडावी एवं साथी कोयलीबेड़ा, जनजाति लोकनाट्य में कन्या आश्रम कोयलीबेड़ा, जनजाति वाद्ययंत्रों में हुकूम नेकाना (मोहरी) कौड़ोसाल्हेभाट, जनजाति वेशभूषा एवं आभूषण में प्रिती सिन्हा कोयलीबेड़ा, जनजाति कला एवं गोदना में माटीकल प्रभुराम पांडे बड़गांव और जनजाति पेय पदार्थ एवं व्यंजन में कन्या आश्रम कोयलीबेड़ा का दल विजेता रहे। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। सभी विजेता दल जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**खबर संक्षेप**

## 7 दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन



**घाटलोहंगा।** ग्राम कविआसना में शमक विवि जगदलपुर के छात्रों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुल सचिव डॉ. राजेश लालवानी, विशिष्ट अतिथि गजेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत सदस्य जानकी बाई कश्यप, सरपंच, उपसरपंच सुरेंद्र प्रसाद तिवारी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कविआसना के प्रधान पाठक बीएल सूर्यवंशी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजीवन कुमार द्वारा एनएसएस कैंप एवं उद्घाटन कार्यक्रम की जानकारी दी। डॉक्टर डीएल पटेल ने एनएसएस के 11 नियमों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि कुलसचिव द्वारा शिक्षित होने के लिए केवल डिग्री ही नहीं बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास को आवश्यक बताया क्योंकि एक युवा राष्ट्र की शक्ति को दर्शाता है अतः युवा विकास ही देश विकास है।

### महिलाओं एवं युवाओं को आगे आना चाहिए ताकि समाज का विकास हो सके

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई देवी भक्त माता कर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आव्हान पर एवं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 मार्च को जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के माता मालती देवी आश्रम में हर्षोल्लास के साथ साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अवगत हो राज्य शासन द्वारा साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती समारोह हेतु 25 मार्च को राज्य स्तर पर सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज की महिला शक्तियों के द्वारा पूजा अर्चना कर राज्य स्तर पर निर्धारित समयानुसार प्रातः 11 बजे भक्त माता कर्मा जी की महाआरती की गई तदोपरांत कार्यक्रम में वरिष्ठजनों की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, मंच का संचालन मनीष कुमार साहू के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम जिला साहू संघ के कोषध्यक्ष भगत राम साहू के द्वारा भक्त माता कर्मा के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं माता की महिमा के बारे में अवगत कराया गया इसके पश्चात समाज के वरिष्ठ एवं संरक्षक एन आर साहू के द्वारा सभी को कर्मा जयंती की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रदेश साहू संघ के द्वारा सामाजिक हित में किये गए कार्यों के बारे में बताया एवं समाज की महिलाओं को आगे आकर समाज की बागडोर सम्हालने आव्हान किया। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश पदाधिकारी निर्मला साहू ने साहू समाज की जाती तेली क्यों कहा जाता है इससे संबंधित धार्मिक घटना का वर्णन किया। सुधीर साहू ने बताया कि सामाजिक एकजुटता जरूरी है समाज को कैसे आगे ले जाया जा सकता है। समाज के वरिष्ठ एवं संरक्षक महेंद्र साहू ने सभी को माता कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इसी प्रकार के आयोजन निरंतर कर करते रहने की सलाह दी। उद्बोधन की अगली कड़ी में तहसील साहू संघ दंतेवाड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र साहू के द्वारा ने माता कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज की महिलाओं एवं युवाओं को आगे आने कहा ताकि समाज का विकास हो सके देश का विकास हो सके, भक्त माता कर्मा जीवनी एवं अन्य बातों के बारे में बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी सामाजिक जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के अंत में तहसील साहू संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती वेद साहू के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया। इसके पश्चात समाज के द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया। आज के इस कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष नरेंद्र साहू, एन आर साहू, भगत साहू, वैभव चंदन, जितेश साहू, भूपेंद्र साहू, मनीष साहू, कृष्णा साहू, रेखराम साहू, गंभीर साहू, वेद साहू, निर्मला साहू, कुसुम साहू, दीपा साहू, हिना साहू, चम्पा साहू, शकुंतला साहू, यामिनी साहू सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सतनामी समाज ने मनाया सतनाम महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सतनामी समाज ने नवनिर्मित सतनाम भवन परिसर में सतनाम महोत्सव का आयोजन नगर के वार्ड नंबर 14 कड़ती पारा गीदम में किया गया। समाज के लोगों के अलावा जिले भर से बचेली, किरंदुल, दन्तेवाड़ा के साथ साथ बीजापुर, कोण्डागांव आदि से लोग पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रजनीश सुराना नगर पंचायत अध्यक्ष गीदम, माधुरी गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, मनीष सुराना पुर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दन्तेवाड़ा, पार्षद गण जागेश्वर प्रसाद अध्यक्ष एस के एम एस बचेली, गजेन्द्र रात्रे अध्यक्ष एनएमडीसी एससीएसटी एम्प्लॉईज एसोसिएशन बचेली, एम आर आदिले, पूर्व प्राचार्य रामानंद डिन्डेकर, सी एल टंडन बीजापुर लखमू टंडन कोंडागांव, अमृतलाल टंडन पार्षद किरंदुल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंच में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जिला बिलाईगढ़ सारंगढ़ से आए हुए पंथी नर्तक दल रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंथी दल के साथ सतनाम शोभायात्रा का नगर भ्रमण किया गया। उसके पश्चात जैतखाम पर पूजन अर्चन कर जय घोष के साथ ध्वजारोहण किया गया। जैतखाम की परिक्रमा सामाजिक जनों के द्वारा विधि विधान पूर्वक कर जय स्तंभ पर पालो चढ़ाया गया। तत्पश्चात सभा का आयोजन किया गया। इस बीच मनोहारी पंथी नृत्य का प्रस्तुतीकरण आयोजित होता रहा। कार्यक्रम को मुख्य रूप से रजनीश सुराना, मनीष सुराना, जागेश्वर प्रसाद, डिन्डेकर सर, आदिले जी आदि ने संबोधित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने अपने उद्बोधन में गुरु घासीदास के विचारों को आत्मसात करने एवं हमेशा समाज को सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम रात्रि 10 बजे तक चलता रहा। सभी अतिथियों व उपस्थित लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर के टंडन, विजय कुर्रे एस एन कुर्रे, इन्दु रत्ना रात्रे, विनय खूंटेल, मोना कुर्रे, जितेन्द्र निराला आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# मनरेगा कर्मियों का 3 दिवसीय ध्यानाकर्षण हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद योजनाओ के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिलाने वाले मनरेगा कर्मचारियों की स्थिति दिन_ब_दिन दयनीय होती गई। केंद्र शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रदेश में 3 माह मे हजारो आवास पूर्ण करने के बाद भी इनकी सुध लेने वाला कोई नही हैं। प्रदेश में मनरेगा योजना अंतर्गत 10 वर्ष से अधिक सेवा अवधि पूर्ण कर चुके कर्मचारियों की बड़ी संख्या है। वर्षो सेवा देने के बाद भी इन कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन निधि नहीं बन पाई या यूं कहें पार्टियों के चुनावी वादे विपक्ष में रहते इनके मंचों तक ही सीमित रह गई। आलम तो यह है कि इन कर्मचारियों को विगत चार माह से वेतन भी नहीं दिया गया है। जिससे क्षुब्ध और पीड़ित कर्मचारी 3 दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के माध्यम से अपनी पीड़ा सरकार को अवगत कराएंगे। 26 एवं 27 मार्च को जिले में कर्मचारी हड़ताल में रहेंगे, एवं 27 मार्च को सभी जिलों मे रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन देंगे, वही 28 मार्च को राज्यस्तरीय हड़ताल में शामिल होकर रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से ज्ञापन सौंपेंगे। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय सिंह क्षत्री ने बताया कि हड़ताल के लिए जनपद जिलों में ज्ञापन सौंपा जा चुका है। बीते एक साल में मनरेगा कर्मचारी मानव संसाधन लागू कराने संघर्ष करते रहे। कमेटी भी बनी जिसे 15 दिवस में रिपोर्ट सौंपना था, किंतु प्रशासन की उदासीनता के चलते निर्णय नहीं हुआ। इसके विपरीत मनरेगा के कार्यो के अलावा कर्मचारियो पर पी एम आवास, पी एम जनमन, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य विभागो के भी कार्य लिए जा रहे है।

## गीदम ब्लॉक के सरपंच संघ का हुआ गठन

**गीदम।** जनपद पंचायत गीदम के नवनिर्वाचित सरपंचों की बैठक स्वराज भवन गीदम में आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सदस्यों के द्वारा सरपंच संघ के गठन हेतु चर्चा की गई। इस बैठक में संघ के सलाहकार बोमड़ा राम कोवासी, महादेव नेताम, सुमित्रा बीजू कश्यप, प्रमिला सन्तु कुंजाम, देवली गुड्डीराम कश्यप, घासीराम कश्यप और गीदम ब्लॉक के सरपंचो की उपस्थिति में सरपंच संघ की ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। जिसमें नंदू सोढ़ी को सर्व सहमति से सरपंच संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही सरपंच संघ के अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष मालती इस्ताम, सचिव रवि कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कोराम, मीडिया प्रभारी डीमन लाल नेताम, सह सचिव ब्रिजेश कड़की, सह कोषाध्यक्ष शिवानी कश्यप को बनाया गया।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए 22 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव तथा जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी एवं जिला मिशन समन्वयक उमाशंकर तिवारी द्वारा दिसम्बर, जनवरी एवं फरवरी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, विद्यालयों एवं संकुल समन्वयकों को सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पीपीआईए फेलो सुश्री अर्कजा कुठियाला के साथ विनोबा टीम की ओर से प्रोजेक्ट ऑफिसर सागर गजभिये उपस्थित थे। इस दौरान कुल 22 शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिसमें विनोबा ऐप के पोस्ट ऑफ द मंथ के जिला स्तर के 8 विजेता, जिले में चल रहे स्पोकन इंग्लिश स्पर्धा के 3 विजेता शिक्षक, बोलेगा बचपन क्लब के 2 शिक्षक एवं इसी के साथ साथ 9 विद्यालयों को जिले की मुख्य पहल ईजीएल कार्यक्रम, जवाहर नवोदय मॉक परीक्षा एवं एन एम एम एस ई मॉक परीक्षा के लिए सम्मानित किया गया।



**खबर संक्षेप**

## पार्षद संतोष बने नपं चारामा के नेता प्रतिपक्ष



**चारामा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश जैन द्वारा नगर पंचायत चारामा में लोक मान्य तिलक वार्ड क्रमांक 8 के नवनिर्वाचित युवा पार्षद संतोष ओझा को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा मंडल चारामा के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने नगर पंचायत चारामा के पार्षद संतोष ओझा को नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया।

## अज्ञात कारणों से युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी नरहरपुर में ईलाज के लिए ले गए उत्तर प्रदेश कानपुर के ग्राम शिवपुरी निवासी 30 वर्षीय श्यामू कुमार की 23 मार्च को मौत हो गई। मध्यप्रदेश के जिला सीधी के राम अवतार ने पुलिस को बताया कि मृतक रात को बिना खाना खाए सो गया था। सुबह काम पर जाने के लिए उसे उठाया गया, तो उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। जिसके बाद उसे ईलाज के लिए सीएचसी नरहरपुर ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित किया।

## युवक की हुई मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत नाथियानवागांव निवासी 23 वर्षीय साहिल मंडावी की मौत 17 फरवरी को हुई। थाना धमतरी से बिना नंबरी मर्ग डायरी कांकेर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया।

## इलाज के दौरान युवक की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम मुंगवाल निवासी 21 वर्षीय संतलाल सलाम सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए धमतरी के अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान 6 नवंबर को मौत हो गया। कोतवाली धमतरी में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कोरर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## कलेक्टर जनदर्शन में आमजन ने सड़क व पानी की रखी मांग

**जगदलपुर।** कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में आमजनों ने शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल-मोबाइल टावर की समस्या, वृद्धजन-सामाजिक पेंशन के प्रकरण, पेनकार्ड बनवाने के साथ खाता खोलकर शिक्षा ऋण दिलाने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की मांग, पेंशन की लंबित राशि दिलाने से सम्बंधित मांगों के लिए कलेक्टर हरिस एस के को आवेदन दिया। कलेक्टर ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**आयोजन : क्षेत्र में हुए विविध कार्यक्रम, सौगातें भी मिलीं**

# भक्त माता कर्मा की जयंती पर साहू समाज ने निकाली शोभायात्रा, की गई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



साहू समाज ने मंगलवार को अपनी आराध्य देवी मां कर्मा देवी कि जयंती संबलपुर रोड पर स्थित भक्त माता कर्मा की प्रतिमा के पास श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत माता कर्मा की पूजा अर्चना के बाद महाआरती और ध्वजारोहण भी किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर ने भक्त माता कर्मा की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण पर पूजा अर्चना किया और कहा कि भक्त माता कर्मा साहू समाज की आराध्य देवी मानी जाती हैं। उनकी भक्ति, सेवा और निस्वार्थ समर्पण की भावना समाज के लिए प्रेरणादायक है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़े रखने का कार्य भी करता है। ऐसे उत्सवों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास और महान विभूतियों के योगदान को समझने का अवसर मिलता है। साहू समाज के बुजुर्ग माता-पिता समाज प्रमुखों से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए कि समाज का विकास कैसे होता है। समाज का संगठन कैसे चलाया जाता है। साहू समाज की मांग पर बाउंड्री वॉल, गार्डन समेत शेड निर्माण का आश्वासन दिया। जल्द ही समाज के लोगों के साथ बैठकर मांगों पर पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबल पाढ़ी ने कहा कि आप लोगों की मांग पर ही हमने कर्मा माता की प्रतिमा यहां पर स्थापित किया है। माता कर्मा श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन रहती थीं और उनके भजनों से भक्तों को आनंदित करती थीं। जगन्नाथपुरी मंदिर में खिचड़ी प्रसाद वितरण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्षों से वहां पर माता कर्मा के नाम पर खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाया जाता है। आज भी वहां पर चबूतरे पर खिचड़ी प्रसाद रखा जाता है, जहां श्रद्धालु खिचड़ी का सेवन करते हैं। साहू समाज द्वारा इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के जरिए समाज में सौहार्द और संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे समाज के लोगों को अपनी जड़ों से जुड़ने और एकता की भावना को मजबूत करने का अवसर मिलता है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा कि त्याग भक्ति वात्सल्य एवं करुणा की देवी भक्त माता कर्मा हैं, जिन्होंने जनदुखियों के दुख हरने के लिए अपनी भक्ति की शक्ति से भगवान श्रीकृष्ण को प्रसन्न कर अपने हाथों से बनाई खिचड़ी खिलाई और सब संतन का भगवान श्री कृष्ण के आशीर्वाद से दुख हर लिए। नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, पार्षद सुमित्रा साहू, पार्षद प्रिया सिंह ने भी संबोधित किया।



### निकाली गई कलशयात्रा

समाज की महिलाओं के द्वारा शोभायात्रा एवं कलशयात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान भानुप्रतापपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर समाज की ओर से सभी मरीजों को फल वितरण किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आयोजन ने समाज में एकता और सहयोग की भावना को और अधिक प्रबल किया। प्रतिमा स्थल के पास ही मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन साहू समाज के तहसील अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू द्वारा किया गया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों में सचिन दुबे, नरेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश गावड़े के अलावा समाज से सुरेंद्र साहू, सुरेश साहू, प्रेमलाल साहू, कुंदन लाल साहू, रूपेश्वर साहू, गोविंद साहु, घनघोर साहू, कमलनारायण साहू, लखन साहू, चोवा साहू, अजय साहू, लिखेश्वरी साहू, प्रेमलता साहू, बिंदु साहू, उमा साहू, गायत्री साहू, गीता साहू, मीना साहू, सदमा साहू, हितेश साहू, मिलन साहू, अनिल साहू, लीला राम, पीतेश्वर, चरण साहू, प्यारे लाल साहू, ऊषा साहू, सुनीता साहू, यशवंत साहू, यामिनी साहू, आई आर साहू, शिवलाल साहू, घसिया साहू, संजय साहू, धनेश्वरी साहू, पूर्णमेश्वरी साहू, रघुनाथ साहू, हरेंद्र साहू, नोहित साहू, खिलेश्वर साहू उपस्थित रहें।



## माता कर्मा जयंती में शामिल हुईं विधायक सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

**चारामा।** साहू समाज के आराध्य भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की जयंती 25 मार्च को पूरे क्षेत्र में बड़े धूमधाम से मनाई गई। ग्राम लखनपुरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक सावित्री मनोज मंडावी शामिल हुई। विधायक द्वारा सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले को समाज के द्वारा मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गौरीशंकर साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, जितेन्द्र साहू, धन्नूराम साहू, सुरेन्द्र टेकाम,परमेश्वर साहू, महेंद्र नायक, कृष्ण कुमार गंजीर, उत्तम साहू, खिलेश्वरी साहू, चम्पा वट्टी, देवेन्द्र पोया, बृजलाल साहू, जोहन राम साहू, सोहन राठी, हरिराम साहू, राजेन्द्र ठाकुर, रामकुमार पटेल एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहें।

## डोकला में मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती



साहू समाज भवन में संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा स्व. सुन्दर लाल साहू की स्मृति में पुत्र हिरवेन्द्र साहू, गजेन्द्र साहू, जितेन्द्र साहू व साहू समाज द्वारा महाआरती कर किया गया। पूरे ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई। प्रसाद के रूप मे खिचड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच परमानंद ठाकुर, अध्यक्षता टीकाराम साहू, विशेष अतिथि रूपराम साहू, सोनसाय साहू, हिंसा राम साहू, विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र साहू, लक्ष्मी साहू, रामाधीन साहू, खेमलाल साहू, जितेन्द्र साहू, पवन साहू, शेखर साहू मुकेश साहू, हेमलाल साहू, भीखम साहू, रमाकांत साहू, लेखराम साहू, पनचुराम साहू व त्रिवेणी साहू, कमल साहू. चोवाराम साहू, महिला पुरुष बड़ी संख्या मे उपस्थित रहें।

## बनसागर में ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में मनाई कर्मा जयंती

**बनसागर।** विकास खंड नरहरपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती मनाना एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो साहू समाज की संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों को प्रदर्शित करता है। कर्मा जयंती साहू समाज के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो कर्मा देवी की पूजा और आराधना के लिए मनाया जाता है। आयोजन में साहू समाज के लोग विभिन्न अनुष्ठानों और पूजाओं में भाग लिया, जिसमें कर्मा देवी की पूजा साहू समाज के लोग कर्मा देवी की पूजा करते हैं और उन्हें फूल, पत्तियां और अन्य चीजें अर्पित करते हैं। नृत्य और संगीत आयोजन में नृत्य और संगीत का आयोजन किया जाता है, जिसमें साहू समाज के लोग भाग लेते हैं। सामाजिक एकता आयोजन में साहू समाज के लोग एकत्रित होते हैं और सामाजिक एकता की भावना को बढ़ावा देते हैं। कर्मा जयंती के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामवासी साहू समाज के पदाधिकारी सदस्य ग्रामीण शामिल हुए।

इस अवसर पर आत्माराम साहू, मदन साहू, लखन साहू, सोनू राम साहू, जम्मुलाल कुंजाम, बुद्धूराम सुरोजिया, कृष्णा पटेल, महर सिंह यादव, चमरू निषाद एवं ग्रामवासी बाबूलाल साहू, घनश्याम साहू, छबिलाल साहू, रविकुमार, बलदेव साहू, अगिनत साहू, उमेश साहू, रैनलाल साहू, सत्यप्रकाश साहू, अश्वनी साहू, इगेश्वर साहू, तेजकुमार, घनसिया साहू, अजित, यादराम एवं टोमेश, कौशिल्या साहू,पुना बाई साहू, अभन, महाबती, इंद्राबाई, पार्वती, परमेश्वरी, सोहद्रा, लाखिन, अनुसूईया, थनेश्वरी, रामहीन, झरना, माधुरी, रमशीला, लुकेश्वरी, मंजुला, रीना, दामिनी, भूमिका, कनिका, त्रियांशी, मोनिका, लीना, पुनेश्वरी, ओजस्वी एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मां की स्मृति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को किया वाटर डिस्पेंसर व कूलर दान

**नरहरपुर।** एकलव्य आवासीय विद्यालय नरहरपुर में पदस्थ शिक्षक के माता के निधन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर को 1 नग वाटर डिस्पेंसर व 1 नग वींडो कुलर भेंट किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र ध्रुव ने शिक्षक रामपाल सारस्वत का इस सहयोग के लिए आभार जताया व वहीं उनकी माता के निधन पर दुःख प्रकट किया। एकलव्य आवासीय विद्यालय नरहरपुर में पदस्थ शिक्षक रामपाल सारस्वत की पदस्थापना लगभग दस ग्यारह माह पूर्व हुई था, वही इनका रहना भी अपनी माता व परिवार के साथ नरहरपुर में ही हो रहा था। शिक्षक रामपाल ने बताया की माता स्व मुन्नी देवी सारस्वत का स्वास्थ ख़राब होने के चलते अपना प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर में कराया जाता रहा। जहां अस्पताल परिवार ने उनकी काफी सेवा की तथा उनके स्वास्थ्य को लेकर सभी सहयोग करते रहे हैं। परंतु कुछ समय पूर्व माता की सेहत और बिगड़ती चली गई, जहां से उनका इलाज बाहर कराया गया पर ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था और इलाज के दौरान माँ का निधन हो गया, जिनकी स्मृति में नरहरपुर अस्पताल को 1 नग वाटर डिस्पेंसर व 1 नग वींडो कुलर



भेंट किया गया, जो की अस्पताल स्टाफ व मरीजों की जरूरत पर काम आएगा। इस मौके पर पार्षद मुकेश संचेती, भागवत शोरी, एकलव्य स्कूल की प्राचार्य लछनी निषाद, शिक्षक पंकज त्रिपाठी व स्टाफ़ नर्स वंदना सोम, रिजवाना खान, इन्द्राणी साहू व पाचूराम शोरी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा की जयंती



**चारामा।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती विकासखंड चारामा के सभी ग्रामों में स्वजातीय द्वारा धूमधाम से मनाई गई। साहू समाज परिवार सुबह से ही अपने आराध्य देवी के पूजा पाठ की तैयारी जूट गए। सामूहिक महाआरती के बाद कलश यात्रा निकाला गया एवं ग्राम भ्रमण के पश्चात खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। तहसील साहू समाज भवन जैसाकर्रा में विकासखंड के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह और श्रीफल से सम्मानित किया गया। वही लखनपुरी साहू समाज द्वारा भवन लोकार्पण कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक सावित्री मंडावी द्वारा साहू समाज के कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के सक्रिय, अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रमाण पत्र, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। ग्राम रतेसरा में साहू समाज परिवारजनो द्वारा माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाया। विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में कर्म जयंती को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष गौरीशंकर साहू,तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला उपाध्यक्ष धन्नू साहू, परमानंद साहू, खंड शिक्षाधिकारी केशव साहू, सचिव बृजलाल, रूपराम साहू, प्रेमप्रकाश साहू, हिरवेद साहू, उत्तम साहू, धर्मेन्द्र साहू, गोविंद साहू, कृष्ण कुमार गंजीर, बोधन साहू, हरि सौंदर्य व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## कोकानपुर में धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा की जयंती



**कोरर।** भक्ति, सेवा और समर्पण की जीवंत प्रतिमा माता कर्मा कि जयंती ग्राम कोकानपुर में साहु समाज द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम समाज के महिला व पुरुष ने कलश यात्रा निकाला। पूरे ग्राम का भ्रमण करने के बाद माता कर्मा कि छायाचित्र पर फूलमाला व तिलक वंदन कर पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यमक्रम के दौरान ग्राम अध्यक्ष छबि लाल साहू, चोवा राम साहू, तोमन साहु, एमन साहु, किशोर साहू, शंकर साहु, रमेश साहु, धन्नू साहु, मनु साहु, बोधन साहु, गिरधारी साहु, मदन साहु, आसवन साहु, अशोक साहु, थामे साहु, दादू साहु, पेमिन साहु, कांति साहु, चित्र रेखा साहु, सहित बड़ी संख्या में साहु समाज के बंधु उपस्थित रहे।

**जिला कार्यसमिति की बैठक में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान**

# कार्यकर्ताओं ने पूरी ईमानदारी से निभाया दायित्व जिससे जिलेभर में लहराया भाजपा का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक 25 मार्च मंगलवार को भाजपा कार्यालय कमल सदन में हुई, जिसमें भाजपा के नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में जीत हासिल करने वालों को सम्मानित किया गया।

जिला कार्यसमिति को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि आपके ऊपर आपके क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी है, क्योंकि पंच, सरंपच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र के प्राथमिक जनप्रतिनिधि होते हैं। क्षेत्र की जनता अपनी समस्या सर्वप्रथम इन्ही जनप्रतिनिधियों के सामने रखते है, इसलिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करना व जनता की समस्याओं से सरकार को अवगत कराना होगा।

### जनता की मांगों को पूरा करने की जिम्मेदारी : जिलाध्यक्ष



भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि अभी हाल ही में संपन्न स्थानीय निकाय व पंचायत चुनावों में भाजपा का परचम पूरे जिले में लहराया है। स्थानीय चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिसका परिणाम जिले में भाजपा के जनप्रतिनिधियों की भारी संख्या में रूप में देखने को मिला। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि जब तक पंच से पार्लियामेंट तक हमारे जनप्रतिनिधि नही आयेंगे विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंच नही पाएगा। हमारे जिले सहित पूरे छग में पंच से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा के जनप्रतिनिधि जीते है और छग की जनता ने भाजपा के जनप्रतिनिधियों का चुनाव कर यह कार्य कर दिखाया। आप लोगों के उपर अपने-अपने क्षेत्र के विकास और जनता की मांगों को पूरा करने की जिम्मेदारी है । अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएं। बैठक में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्यों का परिचय भी कराया गया। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने व आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह ने किया।

### जनपद सदस्य ने भाजपा की ली सदस्यता

बैठक में अंतागढ़ जनपद क्षेत्र क्रमांक 8 की जनपद सदस्य ज्योति उइके व क्षेत्र क्रमांक 13 की जनपद सदस्य प्रमिला मर्रापी सहित कांकेर जनपद के ग्राम मालगांव के सरपंच तीजू राम उसेण्डी ने भाजपा के विकास कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, विक्रम उसेण्डी ने इन्हें भाजपा का गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया।



### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, वरिष्ठ भाजपा नेता भरत मटियारा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, निर्मला नेताम, महेन्द्र ठाकुर, देवेन्द्र भाऊ, मोनिका साहा, सुषमा गंजीर, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, डॉ. देवेन्द्र साहू, टेकेश्वर जैन, छत्रप्रताप दुग्गा, भूपेन्द्र नाग, कमलेश उसेण्डी, डाकेश साहू, मनोहर यादव, अजय बछार, ओम प्रकाश साहू, डिकेश खापर्डे, टेकेश्वर जैन, देवेन्द्र टेकाम, सुनीता मण्डल, दीपांकर राय, कामिनी उसेण्डी, तेजेश्वरी सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर, राधे लाल नाग, नारायण साहा, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमल नरवास, शंकर सरकार, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, श्यामबती मण्डावी, मनोरमा मण्डावी, जनपद उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर, दीपक खटवानी, ईश्वर कावड़े, पीलम नरेटी, अजय कचलाम, रजिंदर रंधावा, मनोज ध्रुव, ईश्वर सिन्हा, गिरधर यादव, उमा देवी शर्मा, श्यामल मण्डल, दीपांकर राय, राकेश शर्मा, नीलू तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## चैत्र नवरात्र को लेकर मां बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी में तैयारियां शुरू

**दुर्गुकोंदल।** आदि शक्ति बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी दुर्गुकोंदल अंतर्गत बसंत नवरात्र 2025 को लेकर मंदिर समिति के द्वारा चैत्र नवरात्रि को लेकर मंदिर प्रांगण हाहालद्दी में मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्रसिंहा के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर चैत्र नवरात्रि को उत्सव से मनाने को लेकर चर्चा किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से चैत्र नवरात्र कि तैयारी को लेकर निर्णय लिया गया कि मेंमनोकामना ज्योति एवं मंदिर स्थल की साफ सफाई एवं तैयारी, लिपाई पुताई व अन्य कार्यक्रम के लिए चर्चा की गई। घट स्थापना 30 मार्च, पंचमी पूजा 2 अप्रैल, अष्टमी हवन पूजा 5 अप्रैल पूर्ण आहुति एवं विसर्जन 6 अप्रैल को किया जाएगा। पर्व के दौरान प्रतिदिन धार्मिक पूजा पाठ सेवा गीत व अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411